दिन–रविवार दिनांक– 20 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराहन 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

बिहार में विधानसभा की चार सीटों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ के उप चुनाव को लेकर विभिन्न दलों ने अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा शुरु कर दी है। राष्ट्रीय जनता दल ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से अजीत सिंह को उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है। वे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र हैं। वहीं, इमामगंज से रोशन कुमार मांझी को, जबकि बेलागंज से विश्वनाथ कुमार सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसकी घोषणा महागठबंधन के नेताओं ने आज पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में की। सीट समझौते के दौरान तीन सीटों पर राष्ट्रीय जनता दल, जबकि एक पर सीपीआई माले चुनाव लड़ेगा। सीपीआई माले ने तरारी सीट से राजू यादव को उम्मीदवार बनाया है। इधर, जनता दल यूनाईटेड ने भी बेलागंज से उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। यहां से पूर्व विधान पार्षद मनोरमा देवी चुनाव लडेंगी। कल भाजपा ने तरारी और रामगढ़ सीट से अपने प्रत्याशियों की घोषणा की थी। वहीं, इमामगंज सीट पर हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा चुनाव लड़ेगा। इधर, उप चुनाव वाले चारों सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। नामांकन की अंतिम तिथि पच्चीस अक्टूबर तक निर्धारित है। अट्ठाईस अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच होगी। मतदान तेरह नवंबर को होगा।

————————————————————————

प्रदेश में हाल ही में आई बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए एक उच्च स्तरीय अंतर मंत्रालयी केंद्रीय टीम तीन दिवसीय दौरे पर आज शाम पटना पहुंचेगी। सात सदस्यीय टीम का नेतृत्व गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव पार्थ सारथी कर रहे हैं। राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने बताया कि टीम आज और कल प्रभावित इलाकों का दौरा करेगी। इसके अलावा बाईस अक्टूबर को यह दल राज्य के अधिकारियों के साथ बैठक करेगा। बैठक में बाढ़ के कारण हुए नुकसान को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारी अपनी राय रखेंगे। उन्होंने कहा कि तटबंधों, सड़कों, इमारतों, फसल और बिजली आपूर्ति लाइनों को भारी नुकसान के मद्देनजर राज्य सरकार ने केंद्र से तीन हजार छह सौ अड़तीस करोड़ रुपये की राहत और सहायता मांगी है।

श्री सुमन ने कहा कि इस सहायता का उपयोग बाढ़ क्षतिपूर्ति, फसल क्षति मुआवजा प्रदान करने और बाढ़ के दौरान ध्वस्त हुई अन्य संरचनाओं को बहाल करने के लिए किया जाएगा। गौरतलब है कि इस साल अगस्त और सितंबर महीने में करीब तीस जिले बाढ़ से प्रभावित हुए थे। गंडक और कोसी नदी के जलस्तर में अभूतपूर्व वृद्धि के कारण उत्तर बिहार में व्यापक क्षति हुई थी।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से थोड़ी देर बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दरभंगा एयरपोर्ट के नये सिविल इनक्लेव का शिलान्यास वर्चुअल मोड में करेंगे। प्रधानमंत्री बनारस में आयोजित एक कार्यक्रम में समारोह स्थल से शिलान्यास कार्य का शुभारंभ करेंगे।

———————————————————————

आगामी त्योहार को देखते हुए उत्तरी और पूर्वी राज्यों की यात्रा करने वाले यात्रियों की भारी भीड़ के मद्देनजर मध्य रेलवे ने मुंबई, पुणे और नागपुर सहित महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों से कुल पांच सौ सत्तर विशेष रेलगाडियां चलाने की घोषणा की है। उत्तर की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए मध्य रेलवे दानापुर, गोरखपुर, छपरा, बनारस, समस्तीपुर, आसनसोल, अगरतला, संतरागाछी और अन्य स्थानों के लिए तीन सौ अठ्हत्तर रेल गाडियां चलाई गई हैं। यात्री इन गाड़ियों की पूरी समय सारणी www.enquiry.Indianrail.gov.in पर प्राप्त कर सकते हैं और NTES एप्प से भी जानकरी प्राप्त कर सकते हैं।

———————————————————————

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग ने कहा है कि पच्चीस अक्टूबर से राज्य के कई हिस्सों में बारिश होने की संभावना है।

———————————————————————

सीतामढ़ी जिले के सोनबरसा में आज सुबह अज्ञात अपराधियों ने एक गैस एजेंसी के संचालक को गोली मार जख्मी कर दिया। जख्मी गैस एजेंसी संचालक दीपनारायण महतो का सीतामढ़ी के निजी नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।